6/17

हुक्म या कार्यवाही मय अनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
वकुलाय उपस्थित। माननीय राजस्व मण्डल राजस्थान में विचाराधीन निगरानी टी0ए0 संख्या 743/2017 जिला जालोर बअनवान मनोहरसिंह बनाम जमाल खां में माननीय मण्डल द्वारा दिनांक 24.08.2018 को निर्णय पारित करते हुए इस न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 24.01.2017 तथा न्यायालय सहायक कलक्टर सायला द्वारा पारित आदेश दिनांक 28.09.2016 को अपास्त किया जाकर प्रकरण विचारण न्यायालय सहायक कलक्टर सायला को इन निर्देशों के साथ प्रतिप्रेषित किया है कि "वे उभयपक्ष को सुनवाई का समुचित अवसर प्रदान करते हुए अधिनियम की धारा 212 के प्रार्थना पत्र पर दो माह में विधिसम्मत आदेश पारित करें। विचारण न्यायालय द्वारा अधिनियम की धारा 212 के प्रार्थना पत्र के निस्तारण तक विवादित भूमि के राजस्व अभिलेख की वर्तमान स्थिति कायम रखी जावे।" हस्तगत अपील जिस आदेश के विरूद्ध प्रस्तुत हुई है, माननीय राजस्व मण्डल द्वारा उक्त आदेश को ही अपास्त किया जा चुका है तथा प्रकरण पुनः विचारण न्यायालय को प्रतिप्रेषित किये जाने से हस्तगत अपील प्रभावहीन हो जाती है। तद्नुसार अपील पोषणीय नहीं होने से खारिज़ की जाती है। निर्णय की प्रति वास्ते पालनार्थ अधीनस्थ न्यायालय को भिजवाई जावे। पत्रावली बाद पालना फैसल में शुमार होकर नम्बर से कम हो। राजस्व अपील प्राधिकारी, पाली कैम्प जालोर	